06/07/2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज रात से रियो डी जेनेरियो में शुरू हो रहे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे, जिसका उद्देश्य सदस्य देशों के बीच सहयोग बढ़ाना है। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के 17वें संस्करण में वैश्विक शासन सुधार, जलवायु परिवर्तन चुनौतियों, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा होगी। शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा अन्य नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें करने की भी संभावना है। दो दिवसीय शिखर सम्मेलन के बाद, ब्रासीलिया की द्विपक्षीय यात्रा होगी - लगभग छह दशकों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली यात्रा होगी।

0000000000000000000000

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि देश के आर्थिक विकास में सहकारी समितियों का महत्वपूर्ण योगदान है। श्री शाह ने यह बात सहकारिता मंत्रालय के चार वर्ष पूरे होने के अवसर पर गुजरात के आणंद में अमूल और एनडीडीबी के विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन करते हुए कही। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि दो लाख नई पीएसी, सहकारिता विश्वविद्यालय, खाद्यान्न उत्पादन और बिक्री से जुड़ी तीन सहकारी समितियां और डेयरी से जुड़ी तीन सहकारी समितियां मिलकर देश के सहकारिता आंदोलन को और मजबूत करेंगी।

000000000000000000

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कल नई दिल्ली में नियंत्रक सम्मेलन 2025 का उद्घाटन करेंगे। तीन दिवसीय सम्मेलन का आयोजन रक्षा लेखा विभाग द्वारा किया जा रहा है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इस कार्यक्रम में आठ उच्च-स्तरीय व्यावसायिक सत्र होंगे, जिनमें बजट और लेखा सुधार, आंतरिक लेखा परीक्षा पुनर्गठन, सहयोगी अनुसंधान, मूल्य निर्धारण नवाचार और क्षमता निर्माण जैसे क्षेत्र शामिल होंगे। इस वर्ष के सम्मेलन का विषय है 'रक्षा वित्त और अर्थशास्त्र के माध्यम से वित्तीय सलाह, भुगतान, लेखा परीक्षा और लेखांकन में परिवर्तन।

0000000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1.4 अरब भारतीयों की ओर से परम पावन दलाई लामा को उनके 90वें जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं। सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए श्री मोदी ने दलाई लामा को प्रेम, करुणा, धैर्य और नैतिक अनुशासन का स्थायी प्रतीक बताया। इस बीच, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के.टी. परनाइक ने परम पावन 14वें दलाई लामा को उनके 90वें जन्मदिन के अवसर पर हार्दिक बधाई और गहरा सम्मान दिया है। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि परम पावन दलाई लामा करुणा, शांति और शाश्वत ज्ञान की जीवंत प्रतिमूर्ति हैं।

0000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के.टी. परनायक ने आज ईटानगर के गोल्डन जुबली स्टेट बैंक्वेट हॉल में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के उद्घाटन समारोह में भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने इस बात पर जोर दिया कि यह अवसर केवल स्मरण मात्र नहीं है। यह विशेष रूप से युवाओं के लिए डॉ. मुखर्जी के साहस, दृढ़ विश्वास और निस्वार्थ सेवा से प्रेरणा लेने का एक सशक्त आह्वान है। इस दौरान राज्यपाल ने राज्य के युवाओं से अपनी पारंपरिक विरासत, कला, संस्कृति, भूमि और भाषाओं पर गहरा गर्व करने का आग्रह किया। मुख्य सचिव मनीष गुप्ता, कानून मंत्री केंटो जिनी और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी समारोह में शामिल हुए।

00000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने आज तेजू में धारग्येलिंग तिब्बती बस्ती में भक्तों, गणमान्य व्यक्तियों और तिब्बती समुदाय के सदस्यों के साथ परम पावन, 14वें दलाई लामा का 90वां जन्मदिन कार्यक्रम मे शामिल हुए। उपमुख्यमंत्री ने परम पावन को न केवल तिब्बती लोगों के लिए एक आध्यात्मिक नेता के रूप में वर्णित किया, बल्कि पूरे विश्व के लिए शांति और करुणा का प्रतीक भी बताया। उन्होंने भारतभर में रहने वाले तिब्बती लोगों के सांस्कृतिक गौरव की भी प्रशंसा की। समारोह में मंत्री वांगकी लोवांग और पासांग दोरजी सोना, विधायक डॉ. मोहेश चाई और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी शामिल हुए।

0000000000000000000000

राष्ट्रव्यापी नशा मुक्ति अभियान के तहत, तिराप के डिप्टी कमिश्नर तेचू आरन ने कल उप निदेशक, आईसीडीएस और डीआईपीआरओ खोंसा के साथ ओल्ड तुपी, खोंसा में न्यू लाइफ फाउंडेशन रिहैब सेंटर का दौरा किया। इस दौरे का उद्देश्य मादक द्रव्यों के सेवन के बारे में जागरूकता बढ़ाना, नशा मुक्त समाज की वकालत करना और पुनर्वास से गुजर रहे व्यक्तियों को सहायता प्रदान करना था। डीसी ने स्वास्थ्य और सुरक्षा मानकों के पालन को सुनिश्चित करने और सुविधा का निरीक्षण किया। इस दौरे ने पुनर्वास के लिए एक सहायक पारिस्थितिकी तंत्र बनाने और नशा मुक्त समुदाय के दीर्घकालिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के लिए तिराप प्रशासन की प्रतिबद्धता को उजागर किया।

00000000000000000000

स्वच्छता और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, एने याने मल्टीपर्पज कोऑपरेटिव सोसाइटी ने ऑल रिड्डी यूथ एसोसिएशन के साथ मिलकर कल दापोरिजो के रिड्डी गांव में सफाई अभियान चलाया। इस पहल ने न केवल इलाके की स्वच्छता और सौंदर्य को बहाल करने में मदद की, बल्कि पर्यावरणीय जिम्मेदारी और सार्वजनिक स्वच्छता के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए एक मंच के रूप में भी काम किया।

000000000000000000

मौसम विभाग ने अरुणाचल प्रदेश के ग्यारह जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने अलग-अलग इलाकों में गरज के साथ बारिश और बिजली गिरने का अनुमान जताया है।

0000000000000000